तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 13.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, रविवार 25 जनवरी 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 मां परमेश्वरी जयंती पर निकाली शोभायात्रा



13 कोलेगांव से मोहतरा कला नहर रोड को पीएम सड़क...



## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा : राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में डाइट बेमेतरा के 50 छात्र-अध्यापक शामिल

# सुरक्षा नियमों का पालन ही जीवन का है आधार : मुख्यमंत्री साय

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा के अंतर्गत राजधानी रायपुर स्थित दीनदयाल ऑडिटोरियम में आयोजित राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में जिला प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) बेमेतरा के 50 छात्र-अध्यापकों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने दीप प्रज्वलन कर किया। समारोह में परिवहन मंत्री केदार कश्यप, रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक सुनील सोनी, पुरंदर मिश्रा सहित जिला पंचायत रायपुर के अध्यक्ष सहित अनेक जनप्रतिनिधि व अधिकारी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों की संख्या चिंताजनक रूप से बढ़ रही है। अधिकांश दुर्घटनाएं हेलमेट न पहनने और लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने के कारण होती हैं। यदि परिवहन विभाग द्वारा बनाए गए नियमों का ईमानदारी से पालन किया जाए, तो लगभग 50 प्रतिशत सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। मुख्यमंत्री ने बताया कि छत्तीसगढ़ में अब हेलमेट पहनना अनिवार्य किया जा रहा है। दोपहिया वाहन में पीछे बैठने वाले व्यक्ति को भी सुरक्षा की दृष्टि से हेलमेट पहनना चाहिए। इससे न केवल स्वयं की सुरक्षा होती है, बल्कि परिवार की खुशहाली भी सुरक्षित रहती है। उन्होंने नागरिकों से सीट बेल्ट और हेलमेट के अनिवार्य उपयोग के साथ-साथ दूसरों को भी जागरूक करने का आग्रह किया।



### मार्गदर्शन और सहभागिता

डाइट बेमेतरा के व्याख्याता थलज कुमार साहू के मार्गदर्शन में सहायक प्राध्यापक प्रहलाद कुमार टिकरिहा के साथ छात्र-अध्यापक कोमल शर्मा, रेणुका साहू, रितिक साहू, रोशन कुमार, भूपेंद्र सिंह, मेघा, मीरा साहू, योगेश, विजय कुमार वर्मा, वेद प्रकाश, यशवंत, नम्रता साहू, नरेश जांगड़े, सिद्धार्थ कुमार, दामिनी वर्मा, अजय आंचल, अशोक साहू, राखी ध्रुव, निकिता वर्मा, राधिका सहित कुल 50 छात्र-अध्यापक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में छात्र-अध्यापक कोमल शर्मा एवं करुणा ने क्विज प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पुरस्कार भी प्राप्त किया। सभी छात्र-अध्यापकों ने इस आयोजन को प्रेरणादायी, जागरूकता बढ़ाने वाला और अत्यंत सार्थक बताया।

# जनहित की लड़ाई में सड़क से सदन तक संघर्ष को रहें तैयार



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

■ जिला कांग्रेस अध्यक्ष आशीष छाबड़ा ने नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों को दी बधाई

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं बेमेतरा के पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा बेमेतरा जिले में नव नियुक्त किए गए सभी मंडल अध्यक्षों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नए, ऊर्जावान नेतृत्व के साथ कांग्रेस संगठन को और अधिक सशक्त किया जाएगा तथा आम जनता के हितों के लिए प्रभावी रूप से कार्य होगा। जिला कांग्रेस अध्यक्ष आशीष छाबड़ा ने कहा कि नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों में भरपूर ऊर्जा, समर्पण और संगठनात्मक क्षमता है। उन्हें पूर्ण विश्वास है कि उनके नेतृत्व में कांग्रेस के सभी कार्यकर्ता निष्ठा और जोश के साथ पार्टी को मजबूत करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने मंडल अध्यक्षों को सुझाव देते हुए कहा कि वे अधिक से अधिक आम जनता से सीधा संवाद बनाए रखें और जनहित के मुद्दों पर निरंतर संघर्षरत रहें। आवश्यकता पड़ने पर जनता के अधिकारों के लिए सड़क से लेकर मंत्रालय तक संघर्ष करने से पीछे न हटें। कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता जनहित में किसी भी प्रकार के ▸▸|शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में सांसद विजय बघेल करेंगे ध्वजारोहण



**बेमेतरा।** 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय मुख्य समारोह का आयोजन 26 जनवरी को प्रातः बेसिक स्कूल मैदान में गरिमामय एवं भव्य रूप से किया जाएगा। इस अवसर पर क्षेत्र के सांसद विजय बघेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे तथा राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे।ध्वजारोहण के पश्चात सांसद श्री बघेल प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय द्वारा प्रदेशवासियों के नाम दिए गए संदेश का वाचन करेंगे। समारोह के दौरान देशभक्ति से ओतप्रोत आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम, भव्य परेड तथा विभिन्न विभागों द्वारा विकास आधारित झांकियों का प्रदर्शन किया जाएगा, जो जिले की उपलब्धियों और योजनाओं को दर्शाएंगी। जिला प्रशासन द्वारा गणतंत्र दिवस समारोह की सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण की जा रही हैं, ताकि कार्यक्रम सुव्यवस्थित एवं गरिमापूर्ण ढंग से संपन्न हो सके। समारोह में जिले के जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, छात्र-छात्राएं तथा बड़ी संख्या में आम नागरिकों की सहभागिता रहेगी।

### सोलर प्लांट में हुई चोरी

**भिलाई।** सोलर प्लांट से चोरी का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। रानीतराई पुलिस ने बताया कि ग्राम खपरी में स्थापित सौर सामुदायिक सिंचाई परियोजना से अज्ञात ने सोलर प्लांट से कॉपर केबल पार कर दिया। घटना की शिकायत क्रेडा विभाग में मैकेनिक यादराम मरकाम ने पुलिस से की है। घटना 21 जनवरी की रात को हुई। सोलर पंप और कंट्रोल रूम में लगे कॉपर केबल काटकर फरार हो गए। जांच में पता चला कि चोर ने 100 मीटर 10 एमएम 3 कोर कॉपर केबल और करीब 50 मीटर 6 एमएम 1 कोर डीसी केबल पार किया है। जिसकी कीमत 15 हजार रुपए आंकी गई है। पुलिस ने अपराध दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगालना शुरू कर दिया है। पुलिस की विवेचना जारी है।

### सोने के जेवरात पार

**भिलाई।** मकान के आलमारी से सोने के जेवरात पार करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पुलगांव पुलिस ने बताया कि ग्राम चंदखुरी बस स्टैंड निवासी योगेश्वर साहू उर्फ योगिता 18 जनवरी को घर पर छट्ठी का कार्यक्रम था। गांव के व रिश्तेदार घर पर पहुंचे थे। महिला गले में सोने का रानी हार दो तोला व गुलबंद लगभग डेढ़ तोला का पहनी थी।

# सड़क और मैदान बने शराबियों के अड्डे, जनता में नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

■ प्रशासन की निष्क्रियता से बढ़ रहा माहौल, जनता में बढ़ रही नाराजगी



जिले में सार्वजनिक स्थलों पर खुलेआम मदिरापान अब आम दृश्य बनता जा रहा है। बेमेतरा शहर सहित जिले के अन्य नगरीय कस्बों और ग्रामीण अंचलों में शराब दुकानों के आसपास, सड़कों के किनारे, खेतों, सरकारी भवनों के समीप और सार्वजनिक स्थानों पर दिनदहाड़े शराबियों द्वारा बोतल खोलकर शराब पीना न केवल कानून की खुलेआम अवहेलना है, बल्कि सामाजिक मर्यादा पर भी सीधा प्रहार है। हैरानी की बात यह है कि इस पूरी स्थिति से प्रशासन भली-भांति अवगत होने के बावजूद प्रभावी कार्यवाही करने में पूरी तरह नाकाम नजर आ रहा है।

जिले में लागू आबकारी अधिनियम के तहत सार्वजनिक स्थानों पर मदिरापान करने पर सख्त दंडात्मक कार्रवाई का स्पष्ट प्रावधान है, किंतु जमीनी हकीकत यह है कि आबकारी विभाग और पुलिस प्रशासन की निष्क्रियता के चलते शराबियों के हौसले बुलंद हैं। हालत यह हो चुकी है कि शाम होते ही कई स्थानों पर सड़कें और खुले मैदान शराबखोरी के अड्डों में तब्दील हो जाते हैं, जहां बेखौफ मदिराप्रेमी खुलेआम जाम छलकाते नजर आते हैं। इस अव्यवस्था का खामियाजा आम नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है। सड़क मार्ग से गुजरने वाले यात्रियों, ग्रामीणों, महिलाओं और बच्चों को सबसे अधिक असहज स्थिति का सामना करना पड़ता है। नशे में धुत शराबियों द्वारा कई बार राहगीरों पर अभद्र टिप्पणियां, अश्लील हरकतें और हंगामा किए जाने की घटनाएं सामने आ रही हैं, जिससे सामाजिक वातावरण लगातार खराब ▸▸|शेष पेज 12 पर

# भाजपा महिला मोर्चा में मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति की प्रक्रिया तेज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा



■ जिला अध्यक्ष प्रज्ञा निर्वाणी ने मंडल प्रभारियों की घोषणा

भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा में संगठनात्मक मजबूती की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए जिला भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष प्रज्ञा निर्वाणी ने मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति हेतु मंडल प्रभारियों की घोषणा की है। मंडल प्रभारी अपने-अपने मंडलों में जाकर महिला कार्यकर्ताओं की बैठक लेंगी, स्थानीय वरिष्ठ नेताओं व कार्यकर्ताओं से समन्वय स्थापित करेंगी तथा तीन नामों का पैनल तैयार कर जिला संगठन को सौंपेंगी। जिला अध्यक्ष प्रज्ञा निर्वाणी ने महिला मोर्चा की बहनों को संदेश देते हुए कहा कि भाजपा का संगठनात्मक ढांचा (वॉच टावर) अत्यंत सशक्त है,किसी सिफारिश की जरूरत नहीं,संगठन में दायित्व जमीनी काम और सांगठनिक निष्ठा से मिलेगा, मंडल स्तर पर पार्टी की रीतियों-नीतियों से महिलाओं को अवगत कराना और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा महिलाओं के लिए संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी अंतिम छोर पर खड़ी महिला तक पहुँचाना हम सबकी प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक ▸▸|शेष पेज 12 पर

## टेमरी में कैबिनेट मंत्री बघेल खुड़हर पूजा में हुए शामिल

**नांदघाट।** टेमरी में मांतर में शामिल हुए खाद्य नागरिक आपूर्ती और उपभोक्ता संरक्षण मंत्री दयालदास बघेल दैहान में खुड़हर पूजा की यादवों संग लाठी लेकर उनका उत्साह बढ़ाया। कैबिनेट मंत्री के सामने राऊत नाचा करते हुए यादव झूम उठे। बघेल ने कहा कि यादव समाज भगवान कृष्ण के सच्चे भक्त। सदियों से गौवंश की सेवा करते हुए आ रहे हैं।






## बावामोहतरा में राष्ट्रीय बालिका दिवस पर विधिक शिविर आयोजित

# शिक्षा और कानून की जानकारी ही बालिकाओं का असली कवच

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

■ बाल विवाह व दहेज जैसी कुप्रथाओं के खिलाफ किया गया जागरूक

राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर अध्यक्ष/प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सरोज नन्द दास के मार्गदर्शन एवं अनिता कोशिमा रावटे, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बेमेतरा के निर्देशन में नालसा (आशा जागरूकता, समर्थन, सहायता एवं कार्रवाई) योजना के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला, ग्राम बावामोहतरा में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर को संबोधित करते हुए अधिवक्ता आयुष शुक्ला ने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा के माध्यम से सशक्त बनाना है, जिससे वे अपने अधिकारों को समझ सकें और उनका संरक्षण कर सकें। उन्होंने बाल विवाह निषेध अधिनियम एवं दहेज प्रतिषेध अधिनियम की विस्तृत जानकारी दी। अधिवक्ता देवेंद्र साहू ने राष्ट्रीय बालिका दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम की जानकारी दी और समाज में इसके दुष्परिणामों से अवगत कराया। वहीं अधिवक्ता सूरज मिश्रा डिप्टी चीफ एलएडीसीएस ने बालिकाओं को बाल विवाह जैसी सामाजिक कुप्रथाओं का विरोध करने के लिए प्रेरित किया तथा आवश्यकता पड़ने पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से संपर्क करने की प्रक्रिया बताई।



**सर्वांगीण विकास पर केंद्रित चर्चा-** अधिवक्ता पी. राजेश्वरी ने महिलाओं के घरेलू उत्पीड़न से संबंधित कानूनी प्रावधानों एवं शिकायत प्रक्रिया की जानकारी देते हुए कहा कि महिलाएं निःशुल्क विधिक सहायता के माध्यम से अपने अधिकारों की रक्षा कर सकती हैं। शिविर के दौरान बालिकाओं की शिक्षा की निरंतरता, कौशल विकास, स्वास्थ्य एवं पोषण, सुरक्षा एवं सामाजिक संरक्षण, खेल तथा नेतृत्व में सहभागिता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेष चर्चा की गई। कार्यक्रम में एलएडीसीएस के अंतर्गत सहायक प्रतिरक्षा अधिवक्ता आयुष शुक्ला, देवेंद्र साहू, श्रीमती पी. राजेश्वरी एवं सूरज मिश्रा की उपस्थिति रही। शिविर में विद्यार्थियों एवं ग्रामीणजनों की सक्रिय सहभागिता देखने को मिली तथा आयोजन को सकारात्मक प्रतिक्रिया प्राप्त हुई।

## खबर संक्षेप



### पेंशनर एसोसिएशन संघ मिला एसबीआई ब्रांच मैनेजर से

**हरिभूमि कवर्धा।** गत दिनों 22 जनवरी को पेंशनर एसोसिएशन जिला के पदाधिकारी द्वारा स्थानीय एसबीआई कवर्धा के ब्रांच मैनेजर से सौजन्य मुलाकात किया तथा नव-वर्ष की बधाई दी। ब्रांच मैनेजर एसबीआई कवर्धा ने पेंशनरों के हित में बैंक की पॉलिसी के बारे मे विस्तृत जानकारी दी तथा कहा कि इस वर्ष पेंशनरों के जीवित प्रमाण-पत्र हेतु स्टाफ बढ़ा दिया था और अलग से टेंट भी लगवा दिया था और सभी से ऑनलाइन व ऑफ लाइन फॉर्म भरवाया गया। पेंशनरों एसोसिएशन कबीरधाम जिला द्वारा ब्रांच मैनेजर को उनके अच्छे स्वास्थ्य कि कामना करते हुए भविष्य मंगलमय, उज्जवल हो कि कामना किया गया। इस अवसर पर पेंशनर एसोसिएशन कबीरधाम जिला के संरक्षक डॉ नरेश कुमार यदु, अध्यक्ष विजय सिंह ठाकुर, कोषाध्यक्ष रामगोपाल कौशिक, प्रकाश देवांगन, कैलाश शरण सिंह ठाकुर व धनुष ठाकुर उपस्थित थे। उक्त जानकारी विजय सिंह ठाकुर अध्यक्ष ने दी।

### महापंचायत में आंदोलन जारी रखने का ऐलान

# सीमेंट फैक्ट्री के खिलाफ किसानों का बिगुल, पंडरिया भाठा में महापंचायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

क्षेत्र में प्रस्तावित सीमेंट फैक्ट्री परियोजना को रद्द कराने की मांग को लेकर किसानों का आंदोलन लगातार तेज होता जा रहा है। इसी कड़ी में विचारपुर पंडरिया भाठा में विशाल किसान महापंचायत का आयोजन किया गया जहॉ मौजूद हजारों किसानों ने एक स्वर में परियोजना के विरोध और जमीन वापसी की मांग रखी।

इस दौरान किसानों ने सर्वसम्मति से तीन बड़ा निर्णय पहला सीमेंट कंपनी द्वारा किसानों से खरीदी गई जमीन उसी कीमत पर वापस लेने, दूसरा जब तक प्रस्तावित सीमेंट परियोजना पूरी तरह रद्द नहीं होती तब तक आंदोलन और विरोध लगातार जारी रखने और तीसरा महापंचायत स्थल पर हनुमान मंदिर निर्माण का संकल्प लिया गया। किसानों ने एकजुटता बनाए रखने और किसी भी प्रकार के दबाव में न आने का संकल्प जाहिर करते हुए कहा कि आंदोलन पूरी तरह गैर-राजनीतिक है। किसी भी राजनीतिक दल के समर्थन या विरोध की चर्चा नहीं की गई। वक्ताओं ने कहा कि किसानों के संघर्ष का श्रेय कोई व्यक्ति या दल नहीं ले यह किसानों की सामूहिक लड़ाई है। महापंचायत में मोतीलाल जंघेल, राजकुमार जंघेल, मन्नू चंदेल, संजू जंघेल, रमेश साहू, श्रवण जंघेल, कामदेव जंघेल, प्रमोद सिंह, मुकेश पटेल, बीरेंद्र जंघेल, केदार जंघेल, मंगलू राम साहू, अमर साहू, प्रियंका जंघेल, लक्की जंघेल, पवन जंघेल, कुमार यादव, सजन साहू, सहित हजारों किसान मौजूद थे।

महापंचायत में पारित निर्णय अनुसार किसान अधिकार संघर्ष समिति 29 फरवरी को प्रशासन को लिखित ज्ञापन सौंपेगी। फरवरी और मार्च में प्रत्येक गांव से प्रतिनिधियों की बैठकों के माध्यम से आंदोलन की रणनीति को और मजबूत किया जाएगा। महापंचायत स्थल पर हनुमान मंदिर निर्माण के लिए किसानों ने पहले ही दिन ढाई लाख से उपर की राशि एकत्रित हुई जो मुख्य रूप से एक-एक रुपये के सिक्कों और छोटे नोटों के रूप में आई। यह राशि किसानों की सामूहिक आस्था और एकजुटता का प्रतीक मानी जा रही है। इसके साथ ही 55 गांवों से किसानों द्वारा अपने खेतों की मिट्टी लाकर मंदिर की नींव में डाली गई। विशेष रूप से वृंदावन और प्रयागराज की पवित्र मिट्टी भी इस अवसर पर लाई गई जिसे नींव में शामिल किया गया।

## हजारों किसानों ने जमीन वापसी की मांग रखी



#### संघर्ष जारी रहेगा

किसान अधिकार संघर्ष समिति अध्यक्ष लुकेश्वरी जंघेल ने कहा कि हनईबन नीलामी और संडी जनसुनवाई का निरस्त होना यह साबित करता है कि जब किसान संगठित होकर सड़क से लेकर प्रशासनिक स्तर तक अपनी बात मजबूती से रखते हैं, तो शासन को झुकना पड़ता है। यह केवल एक नीलामी रद्द होने का मामला नहीं है, बल्कि हमारी जमीन, पानी और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य की रक्षा की दिशा में पहली बड़ी जीत है। हम साफ कहना चाहते हैं कि जब तक पूरे परिक्षेत्र की परियोजना स्थायी रूप से निरस्त नहीं होती, तब तक संघर्ष जारी रहेगा।

# बीआरसी पब्लिक स्कूल कुण्डा के विद्यार्थी हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा

गत दिनों बसंत पंचमी पर बीआरसी पब्लिक स्कूल कुण्डा परिवार द्वारा बसंत पंचमी हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ मनाया गया, बसंत पंचमी के पावन अवसर पर ज्ञान एवं शौर्य दिवस के रूप में विद्यालय के लिए अत्यंत गौरवपूर्ण क्षण उपस्थित हुआ। बीआरसी पब्लिक स्कूल कुण्डा के मेधावी छात्र प्रिंसी चंद्राकर एवं मौली चंद्राकर को उनकी उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा में प्रिंसी चंद्राकर ने 6वां स्थान तथा मौली चंद्राकर ने 9वां स्थान प्राप्त कर विद्यालय, परिवार एवं क्षेत्र का नाम रौशन किया। इस उपलब्धि पर राज्यपाल रामेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव के कर-कमलों से दोनों प्रतिभाशाली छात्रों को प्रोत्साहन राशि तीन लाख रूपए एवं



प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। यह सम्मान न केवल छात्रों की मेहनत, अनुशासन और लगन का प्रतिफल है, बल्कि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत है। सम्पूर्ण बीआरसी पब्लिक स्कूल कुंडा परिवार की ओर से छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल का हृदय से आभार व्यक्त किया जाता है, जिनके द्वारा प्रतिभावान छात्रों को सम्मानित कर उनका मनोबल बढ़ाया गया। हम दोनों छात्रों के उज्ज्वल एवं सुनहरे भविष्य की कामना करते हैं तथा आशा करते हैं कि वे आगे भी इसी प्रकार सफलता के नए आयाम स्थापित करेंगे।

## गुंझेटा में बसंत पंचमी पर प्रतिभाओं का संगम




**हरिभूमि कुण्डा।** विकासखंड पंडरिया अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला गुंझेटा में शुक्रवार को विद्या की देवी मां सरस्वती का पावन पर्व बसंत पंचमी अत्यंत हर्षोल्लास और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। शाला की प्रधान पाठक शैल सोयाम एवं शिक्षक भरत कुमार डोरे के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों ने रंगोली, वाद-विवाद और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी बहुमुखी प्रतिभा का परिचय दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं शाला परिवार द्वारा मां शारदे के पूजन, दीप प्रज्ज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुआ। बसंत ऋतु के आगमन पर पूरा विद्यालय परिषर पीले फूलों से सजाया गया था। शाला स्तर पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। कड़े मुकाबले के बीच रंगोली प्रतियोगिता में श्रेया सिंह, सांस्कृतिक कार्यक्रमों में मोनिका, वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रहलाद और अन्य रचनात्मक गतिविधियों में प्रिंसी निर्मलकर ने अपनी शानदार प्रतिभा के दम पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रधान पाठक शैल सोयाम ने विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत करते हुए कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान नहीं, बल्कि बच्चों की छिपी हुई प्रतिभा को निखारना भी है। शिक्षक भरत कुमार डोरे ने बच्चों को बसंत पंचमी के महत्व की जानकारी देते हुए निरंतर अभ्यास और अनुशासन के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित जनों और विद्यार्थियों को पारंपरिक पीला प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के सदस्य, बड़ी संख्या में अभिभावक और स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थें, जिन्होंने विद्यालय के इस रचनात्मक प्रयास की सराहना की।

# कोलेगांव से मोहतरा कला नहर रोड को पीएम सड़क में जोड़ने की मांग

## ग्रामीणों ने की समस्या का स्थायी समाधान की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम कोलेगांव से कंझेटा होते हुए मोहतरा कला तक जाने वाली नहर किनारे की कच्ची सड़क को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में शामिल किए जाने की मांग अब जोर पकड़ने लगी है। यह सड़क क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीणों, किसानों एवं छात्र-छात्राओं के लिए जीवनरेखा के समान है, लेकिन वर्तमान में इसकी स्थिति अत्यंत दयनीय बनी हुई है।

ग्रामीणों ने बताया कि कोलेगांव से कंझेटा–मोहतरा कला तक लगभग 3 किलोमीटर लंबी यह नहर सड़क पूरी तरह कच्ची है। गर्मी के मौसम में किसी तरह मुरूम डालकर आवागमन किया जाता है, किंतु बरसात के महीनों में सड़क की हालत इतनी खराब हो जाती है कि चारपहिया और दोपहिया वाहनों का चलना तो दूर, पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। कई बार नहर का पानी सड़क पर भर जाने से संपर्क पूरी तरह टूट जाता है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

इस सड़क से प्रतिदिन बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं हाई स्कूल कंझेटा पढ़ाई के लिए आवागमन करते हैं। बरसात के दिनों में कीचड़, फिसलन और पानी भरे गड्ढों के कारण बच्चों को जान जोखिम में डालकर स्कूल जाना पड़ता है। कई बार अभिभावक बच्चों को स्कूल भेजने से भी कतराते हैं, जिससे उनकी पढ़ाई प्रभावित होती है। किसानों के लिए भी यह सड़क बेहद महत्वपूर्ण है। इसी मार्ग से किसान गन्ना बेचने के लिए शक्कर कारखानों तक पहुंचते हैं तथा धान खरीदी केंद्रों में अपनी उपज ले जाते हैं। सड़क खराब होने के कारण समय पर फसल पहुंचाना मुश्किल हो जाता है, जिससे आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। कई बार ट्रैक्टर और वाहन फंस जाने से अतिरिक्त खर्च भी बढ़ जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि इस कच्ची नहर सड़क को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में शामिल कर पक्की सड़क का निर्माण कराया जाता है, तो कोलेगांव, कंझेटा और मोहतरा कला ही नहीं, बल्कि आसपास के कई गांवों के लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। आवागमन सुगम होगा, शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यापार के क्षेत्र में भी सकारात्मक बदलाव आएगा।

ग्रामीण नागरिकों, किसानों एवं जनप्रतिनिधियों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि इस महत्वपूर्ण कच्ची नहर सड़क को जल्द से जल्द प्रधानमंत्री सड़क योजना में शामिल किया जाए, ताकि बरसों से चली आ रही समस्या का स्थायी समाधान हो सके और ग्रामीणों को सुरक्षित एवं सुचारू आवागमन की सुविधा मिल सके।

# कुर्मी समाज को एकजुटता पर संवाद राष्ट्रीय संगठन को मजबूती का संदेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा कबीरधाम में राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्वेश कटियार का शनिवार को कबीरधाम के सर्किट हाउस में आगमन हुआ, जिसमें समाज की एकजुटता एवं अखंडता पर विस्तृत रूप से चर्चा हुई, समाज में एकता बनाए रखना समाज की विकास की महत्वपूर्ण कड़ी है। जिसमें प्रमुख रूप से छत्तीसगढ़ राज्य के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रभूषण वर्मा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पूनम चंद्राकर, राष्ट्रीय सचिव अंबिका चंद्रवंशी, प्रदेश कोषाध्यक्ष आनंद कटियार, प्रदेश के प्रवक्ता अशोक चंद्रवंशी, अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा के जिला अध्यक्ष मुरली चंद्राकर, जिला संरक्षक महादेव चंद्राकर, चंद्रशेखर चंद्राकर, श्रीमती अन्नपूर्णा चंद्राकर, योगेश्वर चंद्राकर, वीरेंद्र चंद्राकर, राजकुमार कश्यप, मुंगेली जिला अध्यक्ष विद्यानंद कश्यप साथ में जिला पदाधिकारी डीसी चंद्रवंशी, पारस सिंगरौली, रामकुमार गबेल, हरीश चंद्रवंशी, माखन चंद्रवंशी, मिथेन चंद्राकर, ब्लॉक के अध्यक्ष संजय चंद्रवंशी, अशोक वर्मा, रामगोपाल वर्मा, शिव कुमार चंद्राकर, मोहन चंद्राकर, संजय चंद्रवंशी, नोहर चंद्राकर, टेकराम चंद्राकर, सुरेश चंद्रवंशी एवं समाज के प्रमुख पदाधिकारी गण समाज के वरिष्ठ व्यक्ति प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# छात्राओं को निःशुल्क सायकल वितरण किया शिक्षा व आत्मनिर्भरता को मिला बल




हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

पीएम श्री शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी-हिन्दी विद्यालय पिपरिया में शनिवार को शिक्षा और सशक्तिकरण का सुंदर समन्वय देखने को मिला। छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत विद्यालय परिषर में छात्राओं को निःशुल्क सायकल वितरण के लिए गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एसएमडीसी अध्यक्ष मनोज नाविक, नपं उपाध्यक्ष शिवचरण पटेल, पार्षद कमलकांत नाविक, लोकेश साहू, दुर्गेश साहू उपस्थित थें, सायकल वितरण के दौरान छात्राओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि सायकल मिलने से दूर-दराज के गांवों से आने वाली छात्राओं को आवागमन में सुविधा होगी, समय की बचत होगी और वे पूरी एकाग्रता के साथ अपनी पढ़ाई पर ध्यान दे सकेंगी। उन्होंने छात्राओं को लक्ष्य निर्धारित कर उच्च शिक्षा प्राप्त करने व क्षेत्र व विद्यालय का नाम रौशन करने के लिए प्रेरित किया। शासन की यह योजना ग्रामीण अंचल की छात्राओं के लिए अत्यंत उपयोगी है, जिससे शिक्षा में दूरी एक बड़ी बाधा नहीं रहेगी। उक्त अवसर पर प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं व स्कूली छात्र-छात्राएं उपस्थित थें।

## शासकीय दृष्टि व श्रवण बाधित विद्यालय में बसंत पंचमी मनी



**हरिभूमि बरबसपुर।** शासकीय दृष्टि और श्रवण बाधित विद्यालय सिंघनपुरी में दिव्यांग छात्र छात्राओं एवं शिक्षकों द्वारा बसंत पंचमी पर ज्ञान की देवी सरस्वती की छायाचित्र पर पूजा अर्चना कर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधित स्कूल में शिक्षकों द्वारा दिव्यांग छात्र छात्राओं को बसंत पंचमी और विद्या की देवी सरस्वती के बारे में विस्तार पूर्वक से बताया गया, कि मां सरस्वती विद्या व ज्ञान की अधिष्ठात्री कहते हैं जिनकी जिव्हा पर सरस्वती देवी का वास होता है, वे अत्यंत ही विद्वान व कुशाग्र बुद्धि होते हैं। हम अपना ईष्ट मां सरस्वती को मानकर उनकी पूजा-आराधना करते हैं जिन पर सरस्वती की कृपा होती है, वे ज्ञानी और विद्या के धनी होते हैं। बसंत पंचमी का दिन सरस्वती की साधना को ही अर्पित है, प्रकृति में पेड़-पौधे अपनी पुरानी पत्तियों को त्यागकर नई कोपलों से आच्छादित दिखाई देते हैं समूचा वातावरण पुष्पों की सुगंध और भौरों की गूंज से भरा होता है। कार्यक्रम में अधीक्षक देवकुमार कौशिक, शिक्षक गण लक्ष्मी चंद्रा, जागेश्वरी चंद्रा, मनहरण यादव, पत्रिका, आरती, राजू महोबिया, धनंजय चंद्रवंशी और छात्रावास के समस्त कर्मचारी गण उपस्थित थें।

# आत्मानंद स्कूल ने कक्षा 12वीं के छात्रों को दी भावभीनी विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

शनिवार को को पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पिपरिया के गलियारे पुरानी यादों और भविष्य के उत्साह से सराबोर रहा। विद्यालय में कक्षा 12वीं के छात्रों के लिए एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम छात्रों के वर्षों की कड़ी मेहनत, मित्रता और स्कूल के साथ बिताए गए यादगार पलों को समर्पित था। समारोह का शुभारंभ सुबह 9:00 बजे खूबसूरती से सजे स्कूल हॉल में हुआ। कक्षा 11वीं के जूनियर छात्रों ने अपने सीनियर्स के लिए रेड कार्पेट बिछाकर उनका भव्य स्वागत किया। विदा होने वाले छात्र गरिमापूर्ण औपचारिक वेशभूषा में पहुंचे। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य नंद कुमार शर्मा, शिक्षकों और 12 वी के बच्चों द्वारा पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। अपने संबोधन में प्राचार्य श्री शर्मा ने छात्रों को सफलता के मंत्र दिए। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे विद्यालय द्वारा सिखाए गए सत्यनिष्ठा और दृढ़ता के मूल्यों को दुनिया में आत्मसात करें। उन्होंने कहा कि शिक्षा आपकी नींव है, जब आप अपने भविष्य का निर्माण करें, तो अपने चरित्र को अपना मार्गदर्शक बनने दें। अंग्रेजी व्याख्याता श्रीमती सुभद्रा शाही के मार्गदर्शन में आयोजित इस विदाई समारोह में जूनियर छात्रों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत



किए गए, जिससे माहौल ऊर्जा से भर गया। 11वीं कक्षा के छात्रों ने विभिन्न प्रकार के खेलों का आयोजन किया जिसमें 12वीं कक्षा के बच्चे बढ़-चढ़कर हिस्सा लिए समारोह का समापन सुरुचिपूर्ण जलपान और एक शानदार डीजे सेशन के साथ हुआ। छात्रों ने संगीत की धुन पर नृत्य किया और अपनी दोस्ती का जश्न मनाया। इस दौरान फोटो बूथ पर छात्रों की भीड़ लगी रही, जहाँ वे अपने सहपाठियों और शिक्षकों के साथ इन अंतिम पलों को कैमरों में कैद करते नजर आए।

### औद्योगिक ग्राम अब धीरे-धीरे विकास की ओर अग्रसर हो रहा

# औद्योगिक क्षेत्र हरिनछपरा में पुल-पुलिया, नाली, सड़क व सौर ऊर्जा स्ट्रीट लाइट का नव-निर्माण कार्य जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

हरिनछपरा औद्योगिक ग्राम क्षेत्रांतर्गत पुल-पुलिया, नाली, सड़क और सौर ऊर्जा लाइट का मरम्मत कार्य जोरों से नव-निर्माण होने के बाद व्यापारी और आने जाने वाले राहगीरों व किसानों को लाभ मिलेगा। जिला मुख्यालय से लगभग 8 किलोमीटर की दूरी पर स्थित हरिन छपरा औद्योगिक क्षेत्र में आने जाने वाले ग्रामीणों व राहगीरों को भारी दिक्कत व परेशानियों का सामना उठाना पड़ रहा था। वहीं क्षेत्र की स्ट्रीट लाइट, पुल-पुलिया, सीसी सौर ऊर्जा लाइट तथा सड़क निर्माण का कार्य जोर-शोर से ठेकेदार द्वारा कराया जा रहा है, ताकि औद्योगिक क्षेत्र में नव-निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद व्यापारियों तथा



ग्रामीण राहगीरो तथा किसानो को लाभ मिल सकें। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार औद्योगिक क्षेत्र में अब धीरे-धीरे विकास की ओर अग्रसर होने लगे हैं, औद्योगिक क्षेत्र के तस्वीर अब बदलने रहा है।

#### औद्योगिक क्षेत्र में विभिन्न कार्यो का उद्योग संचालित

मिली जानकारी के अनुसार हरिनछपरा औद्योगिक क्षेत्र की शुरुआत में पांच-छह पहले उद्योग संचालित हो रहे थे, लेकिन अब उद्योग धीरे-धीरे बढ़ते कदम पर है। जिस पर कच्चे माल को पक्का निर्माण कराया जाता है, क्षेत्र में उद्योग टायर निर्माण, रासायनिक खाद निर्माण, मसाला निर्माण, पानी पाउच निर्माण, डिस्पोजल, दोना-पत्तल निर्माण व पेट्रोलियम गैस निर्माण, ढोल निर्माण, पुठठा निर्माण, ब्रेड निर्माण, ईट निर्माण कार्य होने से उद्योग प्रगति पर है।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू डीआईजी पद पर पदोन्नत, मिली बधाईयां

**बेमेतरा।** वर्ष 2012 बैच के भारतीय पुलिस सेवा अधिकारी एवं बेमेतरा जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू पुलिस उप महानिरीक्षक के पद पर पदोन्नत किए जाने पर जिले में हर्ष और गौरव का वातावरण व्याप्त है। उनकी इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। इस अवसर पर जिले के, जनप्रतिनिधियों,पत्रकारों तथा पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों एवं जवानों ने पदोन्नत हुए रामकृष्ण साहू को पुष्पगुच्छ भेंट कर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। कुशल नेतृत्व की हुई सराहना किए बधाई देने पहुंचे सभी लोगों ने श्री साहू के कुशल नेतृत्व, अनुशासित कार्यशैली एवं जनहित में किए गए उत्कृष्ट कार्यों की मुक्त कंठ से सराहना की। उन्होंने कहा कि श्री साहू के मार्गदर्शन में जिले में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ हुई, अपराध नियंत्रण को नई मजबूती मिली और पुलिस–जन संवाद को सकारात्मक दिशा प्राप्त हुई।

टीम वर्क का परिणाम है यह उपलब्धि – रामकृष्ण साहू

इस अवसर पर नवपदोन्नत पुलिस उप महानिरीक्षक रामकृष्ण साहू ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह पदोन्नति पूरी टीम के सामूहिक प्रयास, अधिकारियों-कर्मचारियों के सहयोग और जनता के विश्वास का परिणाम है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी वे पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए कार्य करते रहेंगे। पदोन्नति के अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश कुमार यादव, डीएसपी राजेश कुमार झा, एसडीओपी बेमेतरा भूषण एक्का, एसडीओपी बेरला विनय कुमार, डीएसपी कौशिल्या साहू, डीएसपी शशिकला उईके, रक्षित निरीक्षक प्रवीण खलखो सहित जिले के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं। श्री साहू की इस पदोन्नति को जिले के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताते हुए सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### नपाध्यक्ष ने किया गौ भोज का आयोजन



**कवर्धा।** जन्मदिवस को केवल केक काटने या पटाखे फोड़ने का दिन न मानते हुए नपा अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चन्द्रवंशी ने इसे सेवा और संवेदना का अवसर मानते हुए अपने जन्मदिवस को गौ माता की सेवा को समर्पित किया। इस अवसर पर केक और शोर-शराबे के स्थान पर गौशाला में गौ-भोज का आयोजन किया गया। साग-भाजी से सुसज्जित गौ-भोज और सब्जियों से निर्मित गौ माता की आकृति ने मन को भीतर तक शांति और आनंद से भर दिया। यह अनुभव सिखाता है कि सच्चा उत्सव दिखावे में नहीं, बल्कि करुणा और संस्कार में है। नपा अध्यक्ष ने सभी से आग्रह किया कि अपने जन्मदिवस, वैवाहिक वर्षगांठ या अन्य किसी भी शुभ अवसर पर गौ-भोज का ऐसा आयोजन अवश्य करें और अपने उत्सवों को एक सनातनी स्वरूप प्रदान करें।

### मौसम में बदलाव, ग्रीष्म ऋतु की आहट

**कवर्धा।** अंचल के मौसम में लगातार बदलाव देखा जा रहा है और इसी के साथ ही ग्रीष्म ऋतु की आहट भी देखने को मिल रही है। अंचल में लगातार बदल रहे मौसम के चलते कभी आसमान में बदली देखने को मिल रही है तो कभी धूम और रात ठंड। वहीं लगातार बदल रहे इस मौसम के बीच अब ठंड का असर भी धीरे-धीरे कम होते दिखाई दे रहा है।

### नियमित ध्वजारोहण के 10 वर्ष पूर्ण, राम नाम लेखन से लेकर देशभक्ति नृत्य तक दिखा अद्भुत उत्साह

# राममय हुआ गुरुकुल, देशभक्ति के नारों से गूंजा नवागढ़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

गुरुकुल विद्यालय नवागढ़ में नियमित ध्वजारोहण की दसवीं वर्षगांठ तथा अयोध्या श्रीराम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा दिवस के पावन अवसर पर 22 व 23 जनवरी को भक्ति और देशभक्ति से ओतप्रोत दो दिवसीय भव्य आयोजन संपन्न हुआ। दो दिनों तक विद्यालय परिसर राममय वातावरण और राष्ट्रभक्ति की ऊर्जा से गूंजता रहा।

कार्यक्रम के प्रथम दिवस 22 जनवरी को सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक विद्यालय परिसर में राम नाम लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। बच्चों, शिक्षकों, अभिभावकों एवं राम भक्तों ने पूरे नौ घंटे तक निरंतर राम नाम लिखकर अपनी श्रद्धा प्रकट की। पूरे दिन विद्यालय परिसर में भजन-कीर्तन और जयघोष से अद्भुत आध्यात्मिक वातावरण बना रहा।

राम नाम लेखन प्रतियोगिता में इंदूरानी कुंभकार ने 24,304 बार राम नाम लिखकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। जागेश्वरी साहू ने 17,248 बार राम नाम लेखन कर द्वितीय स्थान तथा पूजा सोनकर ने 12,936 बार राम नाम लिखकर तृतीय स्थान हासिल किया। विशेष योगदान देने वाली तनु वैष्णव ने 6,272 बार राम नाम लेखन किया, जिन्हें सभी ने स्नेहपूर्वक गिलहरी की संज्ञा दी। इस दिन कुल 1,90,619 बार राम नाम लेखन किया गया।



### नगर स्तरीय देशभक्ति नृत्य प्रतियोगिता बनी आकर्षण का केंद्र

इसी अवसर पर विद्यालय में नगर स्तरीय सामूहिक देशभक्ति नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें नवागढ़ की आठ विद्यालयों—ललित विद्यालय, शारदा पब्लिक स्कूल, लक्ष्य पब्लिक स्कूल, सरस्वती शिशु मंदिर, इंडियन पब्लिक स्कूल, रॉयल पब्लिक स्कूल, स्वामी विवेकानंद विद्यालय तथा मेजबान गुरुकुल विद्यालय—ने सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती, नेताजी सुभाष चंद्र बोस एवं छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा-अर्चना से हुआ। कोदू सिंह क्षत्रिय द्वारा रचित व स्वरबद्ध स्वागत गीत पर प्रस्तुत नृत्य ने सभी को भावविभोर कर दिया। स्वागत नृत्य के दौरान हरीश भाई जोशी का बच्चों के साथ मंच पर नृत्य करना दर्शकों के लिए अविस्मरणीय क्षण रहा। प्रतियोगिता के निर्णायक कोदू सिंह क्षत्रिय, कुमार वर्मा, सुरेश सिन्हा एवं महेश साहू रहे। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार स्वामी विवेकानंद विद्यालय, द्वितीय पुरस्कार लक्ष्य पब्लिक स्कूल तथा तृतीय पुरस्कार इंडियन पब्लिक स्कूल को प्रदान किया गया।

### अतिथियों के प्रेरक उद्बोधन

मुख्य अतिथि मदकुद्वीप मंडलेश्वर रामरूप दास महात्यागी ने कहा कि श्रीराम के आदर्शों पर चलकर ही रामराज्य की कल्पना साकार हो सकती है और प्रत्येक व्यक्ति को अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करना चाहिए। हरीश भाई जोशी ने कहा कि सामाजिक कर्तव्यों का पालन करते हुए भी देशसेवा की जा सकती है और हमें अपने वीर सैनिकों के बलिदान को सदैव स्मरण रखना चाहिए। वहीं विकास दीवान ने अपने उद्बोधन में कहा कि गुरुकुल विद्यालय द्वारा नियमित ध्वजारोहण की परंपरा को दस वर्षों तक निरंतर निभाना अत्यंत प्रेरणादायी है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ संस्कार, संस्कृति और अनुशासन का समन्वय आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। राम नाम लेखन से मानसिक शांति और एकाग्रता मिलती है, जबकि देशभक्ति नृत्य जैसे आयोजन बच्चों में आत्मविश्वास, अनुशासन और राष्ट्रप्रेम को मजबूत करते हैं।

### भविष्य में बड़े स्तर पर आयोजन की योजना

कार्यक्रम के सभी पुरस्कार राकेश तिवारी द्वारा प्रदान किए गए। कार्यक्रम का सफल संचालन धर्मेंद्र साहू ने किया। विद्यालय संचालक राजेशधर दीवान ने बताया कि इस आयोजन की अभूतपूर्व सफलता को देखते हुए आगामी वर्षों में देशभक्ति नृत्य प्रतियोगिता को विधानसभा, जिला एवं राज्य स्तर तक आयोजित करने की योजना बनाई गई है।

### समाजसेवियों का हुआ सम्मान

कार्यक्रम के दौरान नगर एवं आसपास के क्षेत्र में सामाजिक, सांस्कृतिक एवं राष्ट्रनिर्माण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तित्वों को सम्मानित किया गया। इनमें रमेश निषाद (स्वच्छता एवं तालाब संरक्षण), शाहिद खान (खेल एवं सामाजिक समरसता), दिलीप जायसवाल (धर्म, संगीत एवं शिक्षा), काशीराम ध्रुव (पर्यावरण संरक्षण) सहित कीर्ति शर्मा, पीतांबर दास मानिकपुरी, हेमदास मानिकपुरी एवं प्रिया राजपूत (तिरंगा सम्मान) शामिल रहे।

### नेताजी जयंती पर पुरस्कार वितरण समारोह

द्वितीय दिवस 23 जनवरी, नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती एवं नियमित ध्वजारोहण की 10वीं वर्षगांठ के अवसर पर भव्य पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें राम नाम लेखन प्रतियोगिता के सभी प्रतिभागियों एवं विजेताओं को सम्मानित किया गया।

## मड़ई मेला छत्तीसगढ़ी संस्कृति की आत्मा है : छाबड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

ग्राम पंचायत बेरलाकला में आयोजित पारंपरिक मड़ई मेला हर्षोल्लास और सांस्कृतिक उल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं बेमेतरा के पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि मड़ई मेला छत्तीसगढ़ी संस्कृति की आत्मा है, जो आज भी गांवों में परंपरा और आपसी भाईचारे के साथ जीवंत बनी हुई है। ऐसे आयोजन न केवल ग्रामीण समृद्धि को दर्शाते हैं, बल्कि सामाजिक एकता और सामूहिक सहभागिता का भी सशक्त उदाहरण प्रस्तुत करते हैं। उन्होंने कहा कि मड़ई जैसे पर्व हमें अपनी जड़ों से जोड़ते हैं और खुशियों को एक-

**बेरलाकला मड़ई में उमड़ा जनसैलाब**




छाबड़ा ने ग्रामवासियों को मड़ई मेला की शुभकामनाएं देते हुए आपसी भाईचारा और सौहार्द बनाए रखने का संदेश दिया। साथ ही उन्होंने कार्यक्रम में आमंत्रण के लिए ग्राम पंचायत एवं समस्त ग्रामीणों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सरपंच जया मिर्झा, साहू, ईश्वर निषाद, हेमंत कुमार साहू, कृष्ण कुमार निषाद, रामकृष्ण साहू, विशेश्वर साहू, जितेंद्र कुमार यादव, नरोत्तम यादव, बेणीराम साहू, जी सेवक राम, विरवानी हरि यादव, डॉ. यादव, नंदकुमार निषाद, मंत्री निषाद सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## छात्रों की मतदाता जागरूकता रैली और नुक्कड़ नाटक ने दिया मतदान का सशक्त संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

ब्लॉक बेरला क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम आनंदगांव में लोकतांत्रिक चेतना को मजबूत करने की दिशा में एक सराहनीय पहल देखने को मिली। जब स्थानीय हाई स्कूल के छात्र-छात्राओं ने सरपंच चंदन नायक की उपस्थिति में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया। रैली का उद्देश्य ग्रामवासियों को अपने मताधिकार के प्रति जागरूक करना और उन्हें शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित करना था। छात्र-छात्राओं ने हाथों में जागरूकता संदेशों वाली तख्तियां लेकर पूरे गांव में रैली निकाली और पहले मतदान, फिर जलपान, मेरा




वोट—मेरी ताकत जैसे नारों के माध्यम से लोकतंत्र में मतदान के महत्व को रेखांकित किया।

रैली के पश्चात विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक ने उपस्थित ग्रामीणों को विशेष रूप से प्रभावित किया। नाटक में यह संदेश दिया गया कि मतदान केवल अधिकार नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी है, जिसे निभाकर ही एक सशक्त और पारदर्शी लोकतंत्र की नींव रखी जा सकती है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सरपंच चंदन नायक ने कहा कि युवा पीढ़ी की सक्रिय भागीदारी लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने छात्रों की पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे और सभी ने निर्भीक, निष्पक्ष एवं जिम्मेदारीपूर्ण मतदान करने का संकल्प लिया। आनंदगांव में आयोजित यह जागरूकता कार्यक्रम न केवल एक आयोजन रहा, बल्कि लोकतंत्र को मजबूत करने की दिशा में एक प्रेरणादायक संदेश बनकर उभरा।



## मतदाताओं को मतदान के लिए रैली निकालकर किया जागरूक

**बेमेतरा।** शासकीय हाई स्कूल दर्री में लोकतंत्र को मजबूत बनाने व अधिक से अधिक नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों, शिक्षकों व ग्रामीणों को मतदान के महत्व और मतदाता के अधिकारों कर्तव्यों की जानकारी दी गई।

मतदान केवल एक अधिकार नहीं बल्कि एक जिम्मेदार भी है। विद्यार्थियों को भविष्य के जिम्मेदार मतदाता बनने के लिए प्रेरित करते हुए यह संदेश दिया कि प्रत्येक पात्र नागरिकों को बिना किसी भय, प्रलोभन या दबाव के अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत विद्यार्थियों द्वारा नारे लेखन, संकल्प दिलाने तथा जागरूकता संदेशों के माध्यम से लोकतंत्र में सहभागिता का महत्व बताया गया। कार्यक्रम के अंत में शत प्रतिशत मतदान का संकल्प दिलाया गया ।

### ये रहे उपस्थित

इस दौरान शाला विकास समिति अध्यक्ष एवं प्रबंधन समिति दर्री नारायण सिंह, मीडिया प्रभारी वासु सिंह बैस, रोहित साहू, जनक साहू, प्रभारी प्राचार्या दिनेश्वरी लहरे, प्रधान पाठक राजकुमार ध्रुवे, शिक्षक भवानी नेताम, गोविंद सोनकर, व्याख्याता रीना कांता लकड़ा, व्याख्याता संगीता अनंत, विज्ञान सहायक खूबेश्वर ध्रुव, अंजनी मिर्झा, सहायक शिक्षक सालिक राम पाल, शिक्षिका दुर्गा सेन, छात्र-छात्राएं व ग्रामावासी उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय बालिका दिवस पर हुई संगोष्ठी, नवजात बालिकाओं के परिजनों को मिला बेबी किट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/नवागढ़

राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग नवागढ़, जिला बेमेतरा द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवागढ़ में जागरूकता संगोष्ठी एवं बेबी किट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमृत लाल रोहलेडर के मार्गदर्शन में, बीएमओ नवागढ़ डॉ. विकास पांडेय एवं बीपीएम सी.के. देवांगन के नेतृत्व में संपन्न हुआ।

संगोष्ठी को संबोधित करते हुए बीपीएम सी.के. देवांगन एवं प्रभारी बीईटीओ यू.आर. ध्रुव ने राष्ट्रीय बालिका दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बालिकाओं के अधिकार, संरक्षण एवं समानता से जुड़े अधिनियमों की विस्तृत जानकारी दी। वक्ताओं ने कहा कि "छत्तीसगढ़ का प्रण—हर बेटी को जीवन" और "बेटियों का जन्म उत्सव—समानता का उत्सव" जैसे संकल्प समाज में सकारात्मक सोच और बदलाव का संदेश देते हैं। कार्यक्रम के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवागढ़ में जन्मी नवजात बालिकाओं के परिजनों को बेबी किट का वितरण कर बेटियों के स्वागत और सम्मान का प्रतीकात्मक संदेश दिया गया।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर डॉ. स्वाति, डॉ. लवनीश, नर्सिंग स्टाफ हुलेश्वरी, रुक्मिणी, जितेंद्र, सोमारानी सहित स्वास्थ्य अमले की सक्रिय सहभागिता रही। साथ ही एसटीएस प्रमोद साहु, एस. ठाकुर, एन. पासवान (पर्यवेक्षक), समस्त सीएचओ, आरएचओ, मितानिन ब्लॉक समन्वयक, स्वास्थ्य पंचायत समन्वयक, प्रशिक्षक, एसपीएस, मितानिन एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहित अन्य विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## 'परीक्षा पे चर्चा' के अंतर्गत पराक्रम दिवस पर हुई क्विज प्रतियोगिता




**बेमेतरा।** भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय की महत्वाकांक्षी पहल "परीक्षा पे चर्चा" कार्यक्रम के अंतर्गत पराक्रम दिवस के अवसर पर शुक्रवार, 23 जनवरी को पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, बहेरा (जिला बेमेतरा) में भव्य क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में देशभक्ति, शौर्य, स्वदेशी चेतना एवं राष्ट्रीय गौरव की भावना को सशक्त करना रहा। इस अवसर पर आयोजित क्विज प्रतियोगिता की थीम "पराक्रम दिवस – ऑपरेशन सिंदूर एवं स्वदेशी" पर आधारित रही।

प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों से आए कुल 100 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता विभिन्न वर्गों में संपन्न हुई, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए गए। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय इतिहास, वीरता, देशभक्ति एवं समसामयिक विषयों से जुड़े प्रश्नों के सटीक उत्तर देकर अपनी बौद्धिक क्षमता, तार्किक सोच और ज्ञान का प्रभावशाली परिचय दिया। पूरे आयोजन के दौरान विद्यार्थियों में विशेष उत्साह, आत्मविश्वास एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना देखने को मिली। कार्यक्रम के समापन अवसर पर सभी प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं सहभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। यह आयोजन विद्यालय के प्राचार्य श्री किशोर कुमार दहिकर के कुशल मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### नवागढ़ में नशा मुक्ति जन-जागरूकता कार्यक्रमः ग्रामीणों ने लिया संकल्प

# राष्ट्र के भाग्य विधाता खतरे में, युवाओं को नशे से बचाना होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

ग्राम कौराकापा में अखिल विश्व गायत्री परिवार के मार्गदर्शन में नशा मुक्ति जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गुरु वंदना एवं मातृ वंदना के साथ किया गया।

इसके पश्चात नशा मुक्ति जागरूकता रैली महामाया चौक स्थित गायत्री मंदिर से प्रारंभ होकर मुख्य मार्गों से होते हुए सतनामी पारा, बीच गली का भ्रमण करती हुई पुनः महामाया चौक पहुँची। रैली के दौरान नशा मुक्ति गीतों और नारों के माध्यम से ग्रामीणों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया।रैली में प्रमुख रूप से नशे को दूर भगाना है, खुशहाली को लाना है तथा सोचो-समझो बचो नशे से, जीवन जियो बड़े मजे से जैसे प्रेरक नारे लगाए गए। रैली के समापन




पश्चात आयोजित सभा को शिक्षक लोकेंद्र गुप्ता, व्याख्याता गीतेश्वर वर्मा, शिक्षक खूब लाल साहू, सुरेंद्र साहू, विष्णु साहू, जगमोहन साहू एवं मिलाप साहू ने संबोधित किया।

सभा को संबोधित करते हुए शिक्षक लोकेंद्र गुप्ता ने कहा कि अध्यापक राष्ट्र निर्माता होता है और छात्र राष्ट्र के भाग्य विधाता। आज छात्र नशे के दुष्प्रभावों से खतरे में है। चारों ओर फैले नशे के कारण युवा पीढ़ी भटक रही है। युवाओं को बचाने के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को नशा मुक्ति अभियानों में सक्रिय भागीदारी निभानी होगी।

**ये रहे उपस्थितः** इस अवसर पर डॉ. सुभाष वर्मा, अखिलेश दास वैष्णव, महेंद्र वर्मा, देवचंद वर्मा, विवेकानंद, परमेश्वर राजपूत, गेंदू राम निषाद, रोहित साहू, अंगद निषाद, बिसहत निषाद, तीरीथि वर्मा एवं रामकिसुन सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### स्वयं नशा कर बच्चों से संयम की अपेक्षा करना संभव नहींः वर्मा

वहीं व्याख्याता गीतेश्वर वर्मा ने कहा कि यदि हम अपने बच्चों को नशे से दूर रखना चाहते हैं तो सबसे पहले स्वयं को नशे से दूर रखना होगा। स्वयं नशा कर बच्चों से संयम की अपेक्षा करना संभव नहीं है। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित जनों ने सामूहिक संकल्प लिया कि हम ईश्वर को सर्वव्यापी एवं न्यायकारी मानकर उनके अनुशासन को अपने जीवन में उतारेंगे। शरीर को भगवान का मंदिर समझकर किसी भी प्रकार के नशा—गुटखा, बीड़ी, सिगरेट, शराब, गांजा आदि—का सेवन नहीं करेंगे तथा दूसरों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करेंगे।

